


हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 18 अप्रैल 2024

खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार


तापमान

अधिकतम 40.4 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

## खबर संक्षेप



### 7 मई को मतदान का नेवता पहुंच रहा द्वार-द्वार

**रायगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में जिले में वृहद स्तर पर मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा हैं। जिले के मतदाताओं को लोक सभा निर्वाच 2024 अंतर्गत आगामी 7 मई को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिला प्रशासन का श्नेवता तुहर द्वारश के तहत जिले के सभी सातों विकासखण्ड की ग्रामीण महिलाए तख्ती, स्लेट में लिखें स्लोगन के साथ लोगों के घर घर पहुंच कर 7 मई को होने वाले मतदान में शत प्रतिशत मतदान करने नेवता लेकर पहुंच रही है। साथ ही उन्हें अपने अमूल्य वोट का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। महिलाएं आगामी दिनों में जिले के सभी घरों में नेवता लेकर पहुंचने और प्रोत्साहित करने के लक्ष्य के साथ कार्य कर रही है। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा जिले में मतदाताओं को जागरुक करने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके है। जिसके अंतर्गत गत दिवस कलेक्टर श्री गोयल ने तमनार के बिरहोर बस्ती स्वयं नेवता लेकर पहुंचे थे, इसी तरह नगरीय निकाय के पार्क, कॉलेज एवं सार्वजनिक स्थलों में भी मतदाताओं को जागरूक करने के लिए शपथ, रंगोली, रैली जैसे विभिन्न कार्यक्रम का लगातार आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सभी वर्ग के लोग स्वस्फूत भाग लेकर अपने मत का उपयोग करने की शपथ ले रहे है।

### निर्वाचन फ्लाईंग स्कॉट की वाहन पलटी

**सारंगढ़।** जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के जिला मुख्यालय सारंगढ़ में लोकसभा रायगढ़ के विधानसभा सारंगढ़ में फ्लाइंग ड्यूटी में निकले तीन अधिकारी और ड्राइवर जिनका नगर से 2 किलो मीटर दूर पुटका नाला में सामने से आ रही ट्रक के द्वारा दी गई लाइट के चलते वाहन अनियंत्रित हुई और नाले में जा गिरी लेकिन नाले के ऐसे स्थान पर वाहन क्रमांक सीजी 12 इस 5661 पलटी जहां से दरवाजा खोल कर तीनों अधिकारी और ड्राइवर बाहर निकल गए । निर्वाचन अधिकारी दानसरा बैरियर जांच करने जा रहे थे उसी समय यह दुर्घटना हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार तीनों अधिकारी और वाहन चालक किसी को भी गंभीर चोट नहीं आई है।

### आरसेटी में भोजन और आवासीय सुविधा के साथ निःशुल्क प्रशिक्षण

**सारंगढ़।** भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, रायगढ़ में 29 अप्रैल से 30 दिवसीय फोटोग्राफी और विडियोग्राफी प्रशिक्षण प्रारंभ किया जाएगा। इसी प्रकार कंप्यूटर हार्डवेयर और नेटवर्किंग का 45 दिवसीय प्रशिक्षण 2 मई से प्रारंभ किया जाएगा। इन दोनो प्रशिक्षण के लिये पंजीयन प्रारंभ हो चुका हैं। इस प्रशिक्षण के लिये रायगढ़ एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार के शिक्षित बेरोजगार युवक, युवती एवं महिलाए पुरुष को प्रशिक्षण दिया जाना हैं। प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए उम्र 18 वर्ष से 45 वर्ष एवं कम से कम 8 वीं पास और 12वी पास होना अनिवार्य हैं। प्रशिक्षणार्थी अपने साथ अंकसूची, आधार कार्ड, गरीबी रेखा राशन कार्ड, रोजगार गारंटी जॉब कार्ड, बैंक पासबुक एवं 5 रंगीन पासपोर्ट साईज का फोटो लेकर भारतीय स्टेट बैंक गामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान टीवी टॉवर रोड़ क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केन्द्र के पीछे छोटे अतरमुड़ा रायगढ़ में पंजीयन करा सकते हैं। प्रशिक्षण से संबंधित जानकारी के लिये इस नम्बर पर वाट्सअप करके पंजीयन करा सकते हैं।

## रामनवमीं पर केसरियामय हुआ शहर, उमड़ा रामभक्तों का सैलाब

# बजाओ ढोल स्वागत के, अवध में राम आए हैं









हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव बुधवार को धूमधाम के साथ मनाया गया। शहर में शोभायात्रा निकाली गईं। शोभा यात्रा में आकर्षक झांकियां एवं विभिन्न बैंडों की मधुर धुनें श्रद्धालुओं को भावविभोर कर रही थी। रामनवमी पर केसरिया झंडे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा को लेकर भक्तों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। शोभायात्रा में हर आयु वर्ग के लोगों में गज़ब का उत्साह देखा गया। यात्रा के दौरान लोग डीजे की धुन पर जमकर थिरके रहे। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस का जाब्ता मुस्तैद रहा। शहर में रामनवमी के खास मौके पर शहर की गलियांए चौक व चौराहे पूरी तरह से केसरिया रंग में लिपटे हुए नजर आए। पूरे दिन शहर के सड़कों से रामभक्तों का कारवां गुजरता रहा तथा उनके द्वारा लगने वाले गगनभेदी नारों से शहरी क्षेत्र गूंजमान होते रहा। इस दौरान रामभक्तों का उत्साह देखने लायक था। बुधवार को रामनवमी महोत्सव समिति, की ओर से अपरान्ह 4 बजे के करीब नटवर मैदान से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसमें हिन्दू सभ्य समाज समेत शहर के विभिन्न रामनवमी आयोजन कमेटी के बैनर तले हजारों की संख्या में रामभक्त शामिल हुए। शोभायात्रा का मनमोहक दृश्य देखने लायक था। भगवान राम की विशाल प्रतिमा के साथ ही अयोध्या में निर्माणधीन राम मंदिर का प्रारुप शोभायात्रा के आकर्षण का केंद्र रहा। शोभायात्रा के जरिए राम दरबार, ऋषि मुनियों का यज्ञए वेद पाठ, गौ संरक्षण व संबर्द्धन दृश्यों को बाल कलाकार जीवंत करते नजर आए। शोभायात्रा के माध्यम से भारतीय हिंदू परंपरा के गौरवशाली क्षण को दर्शाने का प्रयास किया गया। इसके जरिए शहरवासियों को यह बताने का प्रयास गया कि सनातन धर्म व भारतीय संस्कृति काफी समृद्ध है। इसके बिना सनातन धर्म की कल्पना नहीं की जा सकती है।डीजे पर गूंजमान रामधून पर भक्तों के पांव थिरकते ही चले जा रहे थे। उनके कदम रुकने को तैयार नहीं थेए बल्कि इससे उन्हें बेहद आनंद की अनुभूति हो रही थी। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में युवतियों व महिलाओं ने हिस्सा लिया। महिलाओं का समर्पण देखने लायक था। वह प्रभु राम के जयकारे में कहीं से भी कम नजर नहीं आ रही थीं। शोभा यात्रा में आकर्षक झांकियां एवं विभिन्न बैंडों की मधुर धुनें श्रद्धालुओं को भावविभोर कर रही थीं। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने जहां नृत्य किया, वहीं शोभा यात्रा पर फूलों की जमकर वर्षा की। हर तरफ जय श्रीराम के जयकारे गूंजेण्भगवा ड्रेस और साफा पहने हजारों रामभक्तों ने रथयात्रा में भाग लिया और पूरा वातवरण जय श्री राम के नारों से गूंज उठा। मंदिरों में भी दोपहर के समय भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया गया। साथ ही महाआरती का आयोजन किया गया। जिसमें 56 भोग लगाकर भगवान श्रीराम की महाआरती उतारी गई। इसके बाद भगवान श्रीराम परिवार की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। रथयात्रा में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की बड़ी प्रतिमा आकर्षण का केंद्र था।इसके अलावे विभिन्न अखाड़ों की ओर से आकर्षक झांकियों की प्रस्तुति ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिला शक्ति भी भगवा वस्त्र और साफा पहने हुए थी, जो लगातार जयश्री राम का उद्घोष से पूरा वातावरण को भक्तिमय बना रखा था। ढाक के थाप पर जयश्री राम के गीतों से शहर गुंजायमान था तो रथयात्रा में शामिल आदिवासी नृत्य आकर्षण के केन्द्र थे। करीब 5 दर्जन विभिन्न सामाजिक प्रतिनिधियों के अलावा बड़ संख्या में ग्रामीण इलाकों के भी रामभक्त रथयात्रा में शामिल हुए।रथयात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न स्थानों पर पेयजल और शरबत चॉकलेट का स्टाल लगाकर वितरित किया जा रहा था। रामभक्तों की प्यास मिटाने के लिए नींबू पानी, रसना एकोल्ड ड्रिंक्स व जल जीरा प्रदान किए जा रहे थे।

### दुर्गा नवमीं पर देवी मंदिरों में नजर आया श्रद्धा का जवार



चैत्र नवरात्रि के नौ दिवसीय नवरात्रि का समान बुधवार को माता सिद्धदात्री के पूजन एवं पूर्णाहुति के साथ समाप्त हुआ। नवमी पर देवी मंदिरों से लेकर घरों में नौकन्या पूजन किया गया। शहर के मंदिरों समेत सामाजिक इकाईयों के द्वारा भंडारा लगाकर भोजन वितरण किया गया। मंदिरों ये दर्शन तथा पूजा के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। घरों में भी श्रद्धालुओं ने अपनी.अपनी कुलदेवी की पूजा अर्चना कर परिवार की सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की तथा व्रत खोले। इस अवसर पर मन्नत चढ़ाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या भी काफी थी। छोटी कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन कराकर उपहार दिए गए।

### रामभांठा राममंदिर में हवन-पूजन के बाद हुआ भंडारा



नवरात्री के अंतिम दिन रामभाठा राममंदिर में विधि-विधान से पूजा कर राम जन्मोत्सव मनाया गया। विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद पूर्णाहुति दी गई। राममंदिर में पूरे नौ दिनों तक समिति के सदस्य व मोहल्लेवासियों ने पूजा अर्चना किया। राम जन्मोत्सव को लेकर मंदिर को फूल व झालरों से सजाया गया था। दोपहर में हवन के बाद भंडारे का आयोजन हुआ। भक्तों को खीरए पुड़ी व सब्जी बांटी गई। वहीं देर शाम महिलाओं के द्वारा भजन किर्तन भी किया गया।

### सुरक्षा के कड़े इंतजाम

रामनवमी रथयात्रा को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। विभिन्न चौक चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर भारी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गई थी। शहर में चिन्हित स्थानों पर डीएम और एसपी के संयुक्तादेश पर पुलिस अधिकारियों के साथ मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की गई थी।जुलूस के आगे पीछे एवं सादे लिबास में भी पुलिस के जवांनों को विधि व्यवस्था संधारण को लेकर लगाया गया था।

### आकर्षक झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोहा

शोभा यात्रा में आकर्षक झांकियां एवं प्रसिद्ध बैंड बाजों द्वारा निकाली जा रही आकर्षक धुनें श्रद्धालुओं को भावविभोर कर रही थी। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने जहां जमकर नृत्य किया। वहीं शोभा यात्रा का जगह-जगह स्वागत हुआ और पूरे रास्ते फूलों की वर्षा श्रद्धालुओं द्वारा की गई। राम दरबार की मनमोहक झांकियां लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रही। हनुमान का वेश धारण किए युवा श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन करते रहे। बुधवार अपरान्ह 4 बजे शहर के नटवर स्कूल मैदान से निकली रामनवमीं शोभायात्रा ने खूब समां बांधा। स्टेशन चौक, श्याम टॉकीज चौक, एमजी रोड, रामनिवास टॉकीज चौक, गोपी टॉकीज मार्ग से गौरीशंकर मन्दिर चौक, महेश चौक, कोष्टा पारा, पैलेस रोड, चांदनी चौक, सोनार पारा, गांजा चौक, सदर बाजार रोड, हटरी चौक, थाना रोड, हंडी चौक से रामलीला मैदान पहुंचने पर शोभायात्रा का समापन हुआ। फिर महाभण्डारे में सर्व समाज के लोगों ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया।

## जमीन विवाद में ढाबा संचालक की कार को किया आग के हवाले



**रायगढ़।** जमीन विवाद को लेकर पुरानी रंजिश पर युवक ने ढाबा संचालक को मारने पीटने के साथ जान से मारने की धमकी दिया था। वहीं ढाबा संचालक के नहीं मिलने पर उसकी कार को आग के हवाले कर उसने अपने गुस्से को ठंडा किया। उक्त वारदात कोतरा रोड थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक कोतरा रोड थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम धनागर निवासी मोतीराम पटेल जो कि गांव में ही मुख्य मार्ग पर ढाबा का संचालन करता है। गांव के ही उमाशंकर नायक से उसकी जमीन संबंधित विवाद को लेकर पुरानी रंजिश चली आ रही थी। इस विवाद को लेकर पहले भी उनके बीच कई बार विवाद हुआ था। गत 12 मार्च को भी मोतीराम के ईंट के ढेर को उमाशंकर ने जेसीबी से उठा कर बिखरा दिया था। मोतीराम के मना करने पर उसे जान से मार देने की धमकी देकर वहां से चला गया था। वहीं रविवार की शाम को आमने-सामने होने पर उनके बीच फिर विवाद हुआ था और उमाशंकर ने मोतीराम के साथ झगड़ा करना चाहा तो वह वहां से चला गया। इसके बाद उमाशंकर ने दुसरे के मोबाईल से फोन कर मोतीराम को बुलवाया लेकिन उसके नहीं आने पर देर रात उमाशंकर मोतीराम के घर पंहुच कर कोठार में रखी उसकी डिजायर कार क्रमांक सीजी 13 यूए 8500 को पेट्रोल छिडक़र आग के हवाले कर दिया। इस घटना की रिपोर्ट मोतीराम पटेल ने कोतरा रोड थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी उमाशंकर नायक के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## कचरा कलेक्शन सेटर बंद फिर भी रिपोर्ट में गांवों में कंप्लीट सेग्रीगेशन का दावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



**खाली पड़े हैं कचरा प्रबंधन केंद्र**

ग्रामीण क्षेत्रों में गौठानों में या आसपास ही कचरा एकत्रीकरण के लिए शेड या कक्ष बनाए गए हैं। बनने के बाद से ये वीरान पड़े हुए हैं। गांवों में पंचायतों ने इस काम के लिए कर्मचारी ही नहीं रखे। इस वजह से स्कीम फेल हो रही है। गांवों में ज्यादातर प्लास्टिक कचरा जलाया जा रहा है।

सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट को लेकर छग सरकार ने एनजीटी में रिपोर्ट दाखिल की है जो झूठ का पुलिंदा है। शहरी इकाइयों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी कचरा प्रबंधन शत प्रतिशत करने का दावा किया गया है। रायगढ़ जिले में तो निगम क्षेत्र में ही 11 में से छह एसएलआरएम सेंटर बंद पड़े हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में कचरा सेग्रीगेशन के लिए भवन बना दिए गए हैं, काम कुछ नहीं हो रहा है। कचरा प्रबंधन के लिए जो गाईडलाईन जारी की गई थी, उसके हिसाब से किसी भी घर का कचरा खुले में नहीं फेंका जाना है। न केवल शहरी क्षेत्र बल्कि ग्रामीण क्षेत्र में भी डोर टू डोर कचरा इकट्ठा करने के बाद इसे अलग कर निराकरण करने का आदेश है। जिला पंचायत की ओर से सभी ग्राम पंचायतों में कचरा कलेक्शन के लिए रिक्शा खरीदने का आदेश दिया गया था। इस योजना ने शुरू होने के पहले ही दम तोड़ दिया है। शहरी क्षेत्रों में तो फिर भी कचरा एकत्रीकरण हो रहा है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ भी नहीं हो रहा है। मुख्य सचिव छग शासन ने करीब एक सप्ताह पहले एनजीटी में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स के परिपालन की रिपोर्ट प्रस्तुत की है। इसमें दावा किया गया है कि शहरी क्षेत्रों के 726 और ग्रामीण क्षेत्रों के 939 एसएलआरएम सेंटरों में प्रतिदिन कचरा एकत्र व निराकृत हो रहा है। अपने आसपास देखने पर ही यह दावा खोखला लग रहा है। गांवों में प्रतिदिन 2051 टन कचरा उत्सर्जित होने कार अनुमान है जिसका निराकरण कम्पोस्ट शेड और अन्य तरीके से किया जा रहा है। ऐसा इसमें कहा गया है। रायगढ़ जिले में बमुश्किल दस गांव ऐसे होंगे, जहां शतप्रतिशत कचरा उठ रहा हो।



## मतदाता सूचना पर्ची वितरण समय पर पूरा करें: जैन

■ सारंगढ़ एसडीएम ने ली बरमकेला में बीएलओ की बैठक

**सारंगढ़।** आईएएस व सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एआरओ वासु जैन ने जनपद पंचायत बरमकेला के सभाकक्ष में बूथ लेवल अधिकारी बीएलओ की बैठक ली। बैठक में सभी बीएलओ को मतदाता पची एवं वोटर कार्ड का वितरण किया गया। एआरओ श्री जैन ने कहा मतदाता सूचना पर्ची का 24 अप्रैल तक हर हाल में इसका वितरण कार्य पूरा कर देने के निर्देश दिए। उन्होंने बीएलओ को जानकारी दी कि इस बार मतदान दस फ़ीसदी तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए मतदाता पर्चियां को डोर टु डोर पहुंचने के साथ मतदाताओं को मतदान के लिए अभियान चला कर जागरूक किया जाए। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर श्री जैन ने अपील किया है कि वह अपने मताधिकार का प्रयोग करें और लोकतंत्र के महत्वपूर्ण मतदान को गंभीरता से विचार करके 7 मई को वोट करने अवश्य जाएं। इस अवसर पर तहसीलदार कोमल साहू, शनि पैकरा उपस्थित थे।

### स्टाक के बजाय खाद्य विभाग ने जिलेवार भेजी जानकारी

# जिले में चावल व शक्कर को लेकर भेजी गई आधी-अधूरी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



प्रदेश के सभी 33 जिलों की राशन दुकानों में कुल मिलाकर 15.57 मिट्रिक टन चावल और 48 हजार क्विंटल शक्कर गायब है। इस घपलेबाजी को लेकर खाद्य संचालनालय ने सभी जिलों को राशन दुकान बार स्टॉक की जानकारी भेजने को कहा था लेकिन खाद्य विभाग के कर्मठ अफसरों ने जिले वार जानकारी भेजकर राजधानी के अधिकारियों का काम बढ़ा दिया है।

प्रदेश के लगभग जिलों में गायब चावल और शक्कर को लेकर भेजी गए जानकारी आधी अधूरी है, जिसमें सबसे गैर जिम्मेदाराना तथ्य यह है कि प्रदेश की कुल 13779 राशन दुकानों में सेंकवाल 690 ही दुकानों का ही भौतिक सत्यापन किया गया। यह आंकड़ा बताता है कि जिन दुकानों का सत्यापन नहीं किया गया उनमें बचत स्टॉक में गड़बड़ी की आशंका विभाग के अफसरों को सता रहा है। लगभग 200 करोड़ रुपए से ज्यादा के चावल और शक्कर गायब होने के मामले की जांच रिपोर्ट में भी गफलत किया जाना खाद्य विभाग की जिलों में कमजोर अफसरशाही को दर्शा रहा है। राशन दुकानों में चावल और शक्कर के गायब होने को लेकर प्राथमिक जांच में यह 200 करोड़ से ज्यादा का गफलत अब तक समझ आया है, लेकिन पूरे प्रदेश के इन आंकड़ों के 600 करोड़ से ज्यादा के होने से इंकार नहीं किया जा रहा है। अब जिलों में खाद्य विभाग वास्तविक जांच सही करे तो आंकड़े भी वास्तविक निकल कर सामने आ जाएंगे।

### इन जिलों में सबसे ज्यादा गड़बड़ी की आशंका

प्रदेश की राशन दुकानों से गायब खाद्यान्न को लेकर वैसे तो गड़बड़ी लगभग जिलों में है लेकिन सबसे ज्यादा दुर्ग, महासमुंद, जांजगीर चांपा, धमतरी, बेमेतरा और रायपुर में स्थिति निशाने पर है। राशन दुकानों के पास गोदामों में रखने की जगह तक नहीं है फिर भी स्टॉक बचत में दिखाता रहा।

### जानकारी भेजी गई

शासन की ओर से राशन दुकानों को लेकर जो भी संबंधित जानकारी मांगी गई थी। उसे भेजा गया है। जिले की सभी राशन दुकानों के स्टॉक की जांच की जाती है। रायगढ़ जिले की भी जानकारी भेज दी गई है।

**चितरंजन सिंह**
प्रभारी खाद्य अधिकारी।

### गायत्री मंदिर में कलेक्टर ने सपत्नीक पूजा अर्चना की



**सारंगढ़।** नवरात्रि के अष्टमी की संध्या में गायत्री मंदिर सारंगढ़ में कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने सपत्नीक पहुंचकर मां गायत्री की पूजा अर्चना की। मंदिर परिसर के सादगी पूर्ण वातावरण में महिला समूह द्वारा कलेक्टर श्री साहू को माता की चुनरी भेंट की गई। इस दौरान स्थानीय श्रद्धालु जन आरतीए भजन कीर्तन में शामिल हुए। पूजा अर्चना कार्यक्रम के बीच कलेक्टर श्री साहू ने स्थानीय नागरिकों का अभिवादन स्वीकार किया।

## खबर संक्षेप

### श्रीमद देवी भगवत सुनने उमड़ रही श्रद्धालु की भीड़

**लवसरा।** चैत्र नवरात्र में ग्राम पंचायत लवसरा के मां दुर्गा मंदिर के सामने श्रीमद् देवी भागवत कथा चल रहा है। देवी भागवत कथा सुनने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है। कथा के दौरान व्यास आचार्य पं. तुलेश्वर महराज सिरली वाले द्वारा देवी के विभिन्न रुपों का बखान किया जा रहा है। मां दुर्गा मंदिर के सामने श्रीमद् देवी भागवत का शुभारंभ 9 अप्रैल को हुआ है। व्यास आचार्य द्वारा देवी भागवत के चरित्रों को बहुत ही सरल भाषा में संगीत के माध्यम से सुनाया जा रहा है। देवी मां के विभिन्न चरित्रों को सुनकरा श्रोता गण माता के भक्ति में डूब जा रहे है। अष्टमी तिथि को रुद्राक्ष महिमा सदाचार वर्णन कहते हुए चढ़ोत्तरी का कार्यक्रम हुआ। हवन कन्या पूजन, तर्पण सहस्त्रधारा 18 अप्रैल गुरुवार को होगा। देवीभागवत कथा को सफल बनाने आयोजक पुनिया बाई साहू, पार्वती साहू ,टीकेश्वर साहू चंद्रिका बाई साहू पूरा जुटे हुए है। ग्रामवासी के सहयोग से बाजार चौक में दुर्गा मंदिर प्रांगण में भगत दिलचंद बरेठ सानिध्य में भक्तों की मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित हो रही हैं। आसपास के श्रद्धालु गण बड़ी संख्या में श्रीमद् देवी भागवत कथा सुनने पहुंच रहे हैं।

### रक्तमौली मंदिर में होगा तीन दिवसीय राम कथा

**लोहर्सी।** रक्तमौली मंदिर में तीन दिवसीय श्री राम कथा का आयोजन गुरुवार 18 से शनिवार 20 अप्रैल तक किया जाएगा। इस दौरान माता जसगीत भजन का भी कार्यक्रम होगा। कथावाचक कामता प्रसाद शरण श्रोताओं को भगवान श्रीराम के कथा का रसपान कराएंगे। छत्तीसगढ के प्रसिद्ध कथावाचक कामता प्रसाद शरण छत्तीसगढी भाषा में काफी आकर्षक ढंग से भगवान श्री राम के जीवन चरित को प्रस्तुत करने के लिए जाने जाते हैं। उनका आगमन ग्राम लोहर्सी में हो रहा है। वे यहां रक्तमौली मंदिर में 18 अप्रैल से 20 अप्रैल तक श्री राम कथा के साथ ही माता जस गीत का भजन छत्तीसगढ़ी में कराएंगे। गांव के उनके प्रथम आगमन पर रक्त मौली सेवा समिति एवं गांव के जनप्रतिनिधि तैयारी में जुटे हुए है।

### खत्म नहीं हो पा रहा 25 हजार की लिमिट का चक्कर, किसान परेशान

**जांजगीर-चांपा।** जिला सहकारी समिति केंद्रीय बैंक मर्यादित शाखा चांपा में भारी अव्यवस्था के चलते बीच चिलचिलाती धूप एवं भयंकर गर्मी के बीच धान का पैसा निकलवाने आने वाले किसानों को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित शाखा चांपा में सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक दूर दराज से आए किसानों को दिन भर भूखे प्यासे हो कर घंटो भारी परेशानियों सामना करना पड़ता हैं। बैंक में पैसा निकलवाने आने वाले किसानों को अपने बारी का इंतजार करने बैंक परिसर के हाल में पंखा की व्यवस्था नहीं है। जिससे लोगो को भीषण गर्मी और उमस के बीच बयाकुल एवं परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। इसके अलावा ना ही बैंक में ग्राहकों के लिए पेयजल की व्यवस्था है। ग्राहकों को खड़े होने एवं बैठने के लिए जगह का भी भारी अभाव है। जिससे बैंक में पैसा निकलवाने आने वाले खाताधारक निशक्त, असहाय और वृद्धजन किसानों को परेशानी हो रही है।

### लोकसभा चुनाव : ध्वनि विस्तारक यंत्रों का लगा प्रतिबंध

**जांजगीर-चांपा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन की घोषणा किये जाने से आचार संहिता प्रभावशील हो गया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने आकाश छिकारा ने कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 4 के तहत रात्रि 10 से प्रातः 06 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का चलाया जाना अथवा चलवाया जाना पूर्ण रूप से निषिद्ध किया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा तथा निर्वाचन की समाप्ति तक प्रभावशील रहेगा।

### आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत पर 100 मिनट में होगी कार्रवाई

**जांजगीर-चांपा।** स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन सुनिश्चित करने में नागरिकों की भागीदारी और जवाबदेही बढ़ाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग निर्वाचन आयोग द्वारा सी-विजिल मोबाइल एप जारी किया गया है। इस एप के जरिए कोई भी व्यक्ति आदर्श आचरण संहिता का उल्लंघन की गतिविधियों या घटनाओं की शिकायत चंद मिनटों में दर्ज करा सकता है।

नगर में लगे भगुआ झंडे से शहर हुआ राममय, गूंजता रहा जय जय श्रीराम के नारे

# भए प्रकट कृपाला..., रामनवमी पर निकली भव्य शोभा यात्रा



भगवा झंडे के साथ शोभायात्रा में शामिल रामभक्त।



पत्थलगांव। शोभायात्रा में मां काली के स्वरूप के साथ शामिल भक्त।



शोभायात्रा में शामिल राजा रणविजय सिंह जूदेव।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

रामनवमी पर विशाल एवम भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। राम जन्मोत्सव मानने नगर सहित आसपास के राम भक्त हनुमान जी का झंडा लेकर हनुमान मंदिर आते है। यहां से हजारों के संख्या में श्रद्धालु रामभक्त स्थानीय वाद्ययंत्र, धूमाल पार्टी और डीजे की धुन पर नाचते गाते शहर का भ्रमण करते हुए जशपुर भागलपुर बीटीआई मैदान पहुंचकर रामनवमी के भव्य शोभायात्रा का समापन किया गया।

शहर में जहां तक और जहां जहां नजर पड़ रही है भगवा झंडे ही नजर आ रहे है। मानो शहर का हर रास्ता, हर गली हर मोहल्ला, हर घर, हर आदमी राममाय हो गया हो। सभी जगह केवल रामधुम ही सुनाई दे रही है।

**नगर में कहां कहां से गुजरी प्रभु श्रीराम की शोभा यात्रा :** शहर के मध्य में स्थित हनुमान मंदिर से निकलकर बस स्टैंड होते हुए कव्वाली मैदान से होते हुए बनिया टोली के रास्ते महाराजा चौक पहुंची , महाराजा चौक से काली मंदिर श्रीबाला जी मंदिर होते हुए थाने के सामने से भागलपुर बीटीआई मैदान पहुंच कर शोभा यात्रा का समापन हुआ।

### दो धर्मावलंबी के आपसी भाई चारे की अद्भुत मिसाल दिखी

जैसे ही प्रभु श्रीराम की शोभा यात्रा मुस्लिम मोहल्ले के कव्वाली मंच के पास पहुंची मुस्लिम धर्मावलंबियों ने राममय होकर यात्रा में चल रहे लोगों का शरबत पीला कर स्वागत किया और रामनवमी की शुभकामनाएं दी। साथ पूरे रास्ते में श्रीराम शोभा यात्रा में चलाने वाले रामभक्तो के लिए लोगों ने शरबत ठंडा पानी की व्यवस्था की थी। श्री बालाजी कल्याण सेवा समिति ने बालाजी मंदिर के सामने भक्तों के लिए तरह- तरह के फल और शरबत की व्यवस्था की थी।

## रामनवमी पर निकली श्री राम भगवान की भव्य झांकी

- बाइक रैली के साथ हुई रामनवमी की शुरुआत
- क्रेन डीजे देखने उमड़े शहर के लोग

**पत्थलगांव।** रामनवमी के शुभ अवसर पर शहर में पत्थलगांव के तीनों मार्गो में निकली भब्य श्री राम भगवान की झांकी शाम के साढ़े चार बजे सत्यनारायण मंदिर से धूमधाम के साथ निकली श्री राम भगवान की झांकी इस झांकी में क्रेन में लगाये गए डीजे को देखने शहर वासी सड़को में खड़े रहे वानर सेना, के साथ शहर के लोग बाजे गाजे के साथ सड़को में नाचते गाते देखे गए पहली बार पत्थलगांव शहर में इतना भब्य श्री राम भगवान की झांकी निकली जिसके लिए महीने भर से श्री राम सेवा समिति के लोग जी जान से जुटे हुए थे सभी ने रात दिन एक कर रामनवमी के झांकी को भब्य बनाने में लगे रहे शहर के लोग इस रामनवमी के झांकी को देखने काफी दिन से इंतजार कर रहे थे। **बाइक रैली में सैकड़ो लोगों ने निभाई अपनी हिस्सेदारी:** रामनवमी के अवसर पर राम भक्तों ने बाइक रैली डीजे की धुन पर निकली बाइक रैली में राम भक्त जय श्री राम के नारे लगाते हुए डीजे की धुन पर



थिरक रहे थे राम भक्त भगवा वस्त्र धारण किए हुए एक ड्रेस में काफी मनमोहक नजर आ रहे थे। पत्थलगांव पुलिस भी दिखी चुस्त सुबह से ही शहर में गस्त करती रही शाम साढ़े चार बजे से रात साढ़े नौ बजे तक के लिए बड़े वाहनो को शहर से बाहर ही रोक दिया गया था । रात्रि को रामनवमी के शुभ अवसर पर श्री राम सेवा समिति ने बस स्टैंड में महा आरती का आयोजन धूमधाम से किया इस आयोजन को देख कर शहर के साथ आसपास के गाँव वाले काफी दूर दूर से पहुँचे थे शहर में हुए इस भब्य आयोजन को शहर के सभी लोगो ने खुब सराहा।

### बटुरा कछार में अखंड नाम यज्ञ

**पत्थलगांव।** ग्राम बटुरा कछार में अखंड नाम यज्ञ एवं नवरात्र महोत्सव लगातार 9 दिन तक मनाया गया। यहां अखंड नाम यज्ञ का 21 वां वर्ष था। आसपास के ग्रामीण कीर्तन मंडली के साथ अखंड यज्ञ में शामिल हुए। यह आयोजन अनेक वर्षों से बाबा श्री श्री 1008 श्री कपिल दास तपस्वी के सानिध्य में संपन्न हो रहा है। राम मंदिर बटुराकछार में अखंड नाम यज्ञ प्रारंभ करने के पूर्व 8.अप्रेल को भव्य रूप से कलश यात्रा निकाली गई थी। गांव का भ्रमण करते हुए कलश यात्रा मंदिर प्रांगण पहुंची। कलश यात्रा में ग्रामीणों सहित बाहर से आए श्रद्धालु भी शामिल हुए। निरंजन त्रिपाठी एवं आदित्य पाणिग्रही द्वारा पूजन हवन इत्यादि का कार्य संपन्न किया गया। मंदिर समिति ने बताया कि गाँव वालों के साथ आसपास के लोगों ने भी कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।



## मृत मवेशी मिलने से क्षेत्र में दहशत

**जशपुरनगर।** बदल खोल अभ्यारण व सन्ना परिक्षेत्र के बीच में एक बछड़े का शव मिलने से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। आसपास के गांव वाले इस जंगली तेंदुआ की कारस्तानी बता रहे है। ग्रामीणों का कहना है की इस क्षेत्र में तेंदुआ है जो को मौका पाते ही पालतू जानवरों का शिकार करता है।नारायणपुर गेम रेंजर बुद्धेश्वर साय घटना स्थल पर पुरे दिन मौजूद रहे।उनका कहना है घटना सन्ना परिक्षेत्र में हुआ है इस कारण प्रकरण भी बनेगा। उप निदेशक एलिफेंट के निर्देश पर ट्रैक कैमरा लगाया जाएगा। जिससे तेंदुआ का लोकेशन का पता लगाया जा सके ।सन्ना के रेंजर विवेक भगत ने बताया अभ्यारण के जंगल और सन्ना रेंज के जंगल के बीच गांव के खेत में मृतक मवेशी का शव पड़ा है जो राजस्व ग्राम के अंतर्गत आता है।जांच जारी है। मवेशी मालिक का पता चलते ही मुआवजा प्रकरण की कार्रवाई की जाएगी।

**जारी है विवेचना**

प्रथम दृष्टया में किसी जानवर द्वारा मवेशी को क्षति पहुंचाया गया प्रतीत होता है। अभ्यारण नारायणपुर के गेम रेंजर और सन्ना के रेंजर मौके पर है। विवेचना जारी है। मुआवजा प्रकरण बना कर दिया जायेगा। ट्रैक कैमरा लगाया जाएगा,ताकि जानवर का मूवमेंट पता चल सके।

**जितेंद्र उपाध्याय**
डी एफ ओ
जशपुर

## छजकां के जिला अध्यक्ष अनोज कांग्रेस में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कांग्रेस पार्टी की विचारधारा से पुनः प्रभावित हो जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जोगी के नेता अनोज गुप्ता कांग्रेस में प्रवेश किए हैं, इन्हें पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंह देव ने विधिवत कांग्रेस की सदस्यता दिला घर वापसी कराया है।

ज्ञात हो कि कांग्रेस के पूर्व नेता अनोज गुप्ता ने कांग्रेस प्रवेश कर घर वापसी कर लिया है, गत कुछ वर्ष पहले पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के कार्यशैली और विचारधारा से प्रभावित हो अनोज गुप्ता जकांछ पार्टी की सदस्यता ग्रहण




कर जिलाध्यक्ष नियुक्त भी हुवे थे, मंगलवार की शाम अनोज गुप्ता अंबिकापुर पहुंचे और यहां जकांछ पार्टी के सभी पद और प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र दिया,जिसके बाद महामाया मंदिर पहुंच मां महामाया का दर्शन व पूजा अर्चना किया। तदोपरांत पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंह देव के समक्ष उपस्थित हो कांग्रेस के विचारधारा से प्रभावित हो कांग्रेस प्रवेश करने का प्रस्ताव रखा। जिस पर मुहर लगाते हुवे टीएस सिंह देव ने अनोज गुप्ता को कांग्रेस का गमछा पहना कांग्रेस का विधिवत सदस्यता दिलाया।

## छात्राओं ने सुंदर एवं मनमोहक समूह नृत्य किया प्रस्तुत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

- गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल में मनाया गया 8वां स्थापना दिवस समारोह एवं रामनवमी

गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल में स्कूल का 8वां स्थापना दिवस एवं रामनवमी के अवसर पर राम जन्मोत्सव हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय निदेशक सचिव दीपक राठौर, निदेशक कोषाध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल, विद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार शर्मा एवं व्यवस्थापक विपिन गुप्ता ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर कक्षा 7एन के छात्र-छात्राओं के द्वारा एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के कक्षा 2री एवं कक्षा 7वीं – 8वीं की छात्राओं ने सुंदर एवं मनमोहक समूह नृत्य प्रस्तुत किया। इस दौरान स्कूल स्थापना वर्ष 2016 से लेकर अब




कार्यक्रमए की प्रस्तुति देते छात्र–छात्राएं।

तक विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के द्वारा केक कटवाया गया और उन्हें उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कक्षा 1लीं एवं 2री के बच्चों ने प्रभु श्री राम, माता सीता, लक्ष्मण और भक्त हनुमान एवं सबरी की वेशभूषा में सबको मुग्ध कर दिया। कक्षा 2री से नेहान केडिया ने हनुमान चालीसा का पाठ और अभिराजा सिंह ने रामनवमी के महत्व पर अपना विचार प्रस्तुत किया। विद्यालय की कक्षा 7वीं की छात्रा खुशी गोयल ने विद्यालय की स्थापना वर्ष 2016 से लेकर अब तक की प्रगति आख्या सबके सामने रखी। इस अवसर पर मार्स एजुकेशन सोसायटी के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष सतीश कुमार अग्रवाल, सचिव दीपक राठौर, कोषाध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल, निदेशक पुष्कर अग्रवाल, विकास अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, श्रीमती अनुश्री राठौर, तनिष अग्रवाल एवं समस्त निदेशकों ने विद्यालय के स्थापना दिवस के कार्यक्रम में विद्यालय परिवार को अभी तक की प्रगति के लिए बधाइयां दीं और विद्यार्थियों को सकारात्मकता के साथ कुछ नया करने को लेकर प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य संतोष कुमार शर्मा, व्यवस्थापक विपिन गुप्ता, शिक्षक सुंदरपाल चौहान, सुनीता शुक्ला, जे.कविता, सीमा ठाकुर, शिल्पा बनर्जी, संध्या मिश्रा, नीलकांत यादव, गौतम स्वाइन, सुखुलाल चौधरी, आशा राठौर, कनिका दास, अंजु चतुर्वेदी, ई.हेमलता, श्रेस्ठा श्रीराथ, सिमरन कौर, आंचल पांडे, बिरंची टंगारंगा, प्रभाकर घोष, प्रहलाद कुमार साहु, अखिलेश वर्मा, एस.आदित्य, सुजाता तिवारी, खुशबू गुप्ता, नेहा गढ़ेवाल, गोलाप साहु, राज पुरोहित, नंद कुमार महेश्वरी उपस्थित रहें। लक्ष्मण रबिदास, प्रीति चंद्रा निहारिका मित्तल, दैवज्ञा शुक्ल, हमेश खांडेकर, क्षिरा सिंधु महापात्रा, किसन कुमार, ध्वनि दत्ता, मुस्कान गुप्ता, कविता दास, एस. अश्विनी, प्रियंका कुमारी, ई.सुधाकर राव, अमित मान्नेवार, गीता बरेठ, जयश्री यादव,निशा पटेल,आरती गढ़ेवाल, प्रीति सिह, आस्था साहू,महेश यादव,राज सिंह, नरेंद्र दुबे, प्रीति सिंह उपस्थित रहें।

## शैक्षिक गुणवत्ता के लिए सभी विकासखंडों में शिक्षकों की होगी कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के मार्गदर्शन में विनोबा एप के साथ

**खास बात**

- ज़िला शिक्षा अधिकारी ने जारी किया निर्देश

शैक्षिक गुणवत्ता उन्नयन के लिए जिले के समस्त विकासखंडों में संचालित सभी प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई और हायर सेकेण्डरी विद्यालयों से एक-एक शिक्षक हेतु कार्यशाला 18 अप्रैल से 20 अप्रैल तक अयोजित होने जा रही है। इसके लिए जिला शिक्षा अधिकारी पी के भटनागर ने सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किया हैं।

यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद गुप्ता से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह प्रशिक्षण अर्ध दिवसीय होगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले शिक्षक आगामी 10 दिनों में अपने विद्यालय के अन्य शिक्षकों को विनोबा एप के संबंध में प्रशिक्षण देंगे। प्रशिक्षण में सभी शिक्षकों को स्मार्टफोन लेकर आना अनिवार्य होगा। सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक तथा दोपहर 2.00 बजे से 5.00 बजे तक अलग-अलग बैच में शिक्षकों की ट्रेनिंग विकासखंड मुख्यालय में होगी। सभी बीईओ इसके लिए आवश्यक व्यवस्था करेंगे । एक शिक्षक को केवल 3 घंटे का ही प्रशिक्षण दिया जाएगा। ओपन लिंक फाऊंडेशन पुणे की ओर से 02 -02 प्रशिक्षक प्रत्येक विकासखंड में आकर ट्रेनिंग देंगे। प्रशिक्षण कक्ष में प्रोजेक्टर के माध्यम से शिक्षकों को विनोबा एप के पंजीयन और उपयोग की विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

### देवांगन कल्याण समाज युवा प्रकोष्ठ ने किया समिति का विस्तार

**सक्ती।** प्रदेश देवांगन कल्याण समाज छत्तीसगढ़ के युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मनोहर देवांगन ने अपनी समिति का विस्तार करते हुए रोशन देवांगन को संरक्षक एवं राकेश देवांगन को सलाहकार नियुक्त किया है। इसी प्रकार महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष किरण देवांगन के द्वारा समिति का विस्तार करते हुए तीन सदस्यों को नवीन जिम्मेदारी दी गई है, जिसमें रेखा देवांगन को उपाध्यक्ष, श्रीमती अंजनी देवांगन को कार्यकारिणी सदस्य एवं कलश देवांगन को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही चर्चा किया गया कि जिला देवांगन कल्याण समाज सक्ती के गठन से समाज को एक नई दिशा मिलेगी एवं समाज के कल्याण के अनेकों कार्य हो सकेगा। समाज कल्याण एवं सेवा के लिए देवांगन विकास सेवा समिति हमेशा तत्पर रहेगा।

लोगों को सतर्क रहने की गई अपील

## एक्सपर्ट टीम द्वारा मधुमक्खी छत्ता निकालने का कार्य प्रारंभ

**जशपुरनगर।** जिला मुख्यालय सहित पत्थलगांव, कांसाबेल और कुनकुरी, बगीचा विकासखण्ड में मधुमक्खियों के अनगिनत छत्तों को लेकर आम लोगों के साथ ही खास लोगों में बढ़ती असुरक्षा को देखते हुए डीएफओ की पहल पर जिला प्रशासन ने महत्त्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इसी कड़ी में आज बगीचा नगरीय क्षेत्र में एसडीएम, सीएमओ एव वन विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में मधुमक्खी छत्ता निकालने का कार्य बाहर से आए एक्सपर्ट टीम के द्वारा प्रारंभ कर दिया गया है। कुछ दिन एक्सपर्ट टीम जिले में ही रहेंगे तथा मधुमक्खी छत्ता निकालने जैसे कार्य करेंगे।



एक्सपर्ट टीम द्वारा मधुमक्खियों के हटाए जा रहे छत्ते।

यदि किसी संस्थान या अन्य जगहों में छत्ते हैं और उन्हें निकालना चाहते हैं तो एसडीएम कार्यालय, वन विभाग कार्यालय तथा नगर पंचायत कार्यालय में आवेदन दे सकते हैं जिससे सभी के सहयोग से एक्सपर्ट टीम के द्वारा छत्ते को निकाला जा सके। कोटवार की ड्यूटी लगाई गई है तथा आम नागरिकों से अपील की गई है कि जहां-जहां मधुमक्खी के छत्ते है वहां आग एवं धुआं ना उड़ाए तथा घर के दरवाजे एवं खड़की बंद रखें एवं हमेशा सतर्क रहें। वनमण्डलाधिकारी जितेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि जशपुर जिले में कई विभागीय दफ्तरों और सार्वजिक स्थानों में मधुमक्खियों के बड़े-बड़े छत्ते हैं जिन्हें तकनीकी मार्गदर्शन देते हुए हटाने की प्रक्रिया शुरू किए जाने के लिए आपसी समन्वय बना है। राजस्व, पुलिस, वन विभाग, स्वास्थ्य विभाग और नगरीय क्षेत्र के अधिकारियों के बीच यह तय हुआ है कि जहां-जहां ऐसे छत्ते हैं वहां के कार्यालयीन प्रमुख स्थानीय अवकाश, स्थानीय परिस्थिति तथा एक्सपर्ट की राय के अनुरूप तिथि तय कर कार्रवाई करना ही सही प्रक्रिया है। जिस दिन छत्ता हटाना है उस दिन आसपास के लोगों को सूचना देकर अलर्ट कर दें। सभी को विशेषज्ञ के संपर्क नम्बर दे दिए गए हैं वहीं मधुमक्खियों के रहन-सहन,उनकी गतिविधियों के साथ उन्हें हटाने के लिए रौनी में दो लोगों की प्रशिक्षित टीम है जिसे वन विभाग की ओर से वर्धा में प्रशिक्षण दिलाया गया है।

## मायुमं ने बांधे मवेशियों के गले में रेडियम बेल्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

**खास बात**

- सोमवार की रात्रि गौशाला मार्ग में सुरक्षा के लिए बांधे रेडियम बेल्ट

मारवाड़ी युवा मंच की स्थानीय शाखा द्वारा सड़क पर विचरण करने वाले आवारा मवेशियों की सुरक्षा के लिए सोमवार 15 अप्रैल को रात्रि 10 से 11 बजे तक गौशाला मार्ग में करीब तीन दर्जन मवेशियों के गले में रेडियम बेल्ट बांधे गये। यह कार्य मवेशियों के साथ - साथ राहगीरों की सुरक्षा के लिए भी किया गया। इस मौके पर मारवाड़ी युवा मंच की चांपा शाखा के अध्यक्ष शलभ अग्रवाल ने बताया कि समय - समय पर मंच द्वारा समाज सेवा के लिए इस तरह के कार्य किये जाते है। सड़क पर विचरण करने वाले आवारा मवेशियों सहित मार्ग से गुजरने वाले लोगो की सुरक्षा के लिए मंच द्वारा सोमवार 15 अप्रैल को रात्रि 10 से 11 बजे तक नगर के गौशाला मार्ग में करीब तीन दर्जन मवेशियों के गले में रेडियम बेल्ट बांधे गये। इस दौरान शलभ अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, राज अग्रवाल, अंकित मोदी, अशोक अग्रवाल, अखिलेश मोदी, आकाश अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, रामनारायण मोदी, सुनील सोनी, संदीप गुप्ता आदि भी मौजूद थे जिन्होंने मवेशियों के गले में रेडियम बेल्ट बांधने में सहयोग किया।



# अनुराग की 'थ्रिलर' फिल्म में बॉबी देओल

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल फिल्मकार अनुराग कश्यप की थ्रिलर फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि बॉबी देओल ने हाल ही में अनुराग कश्यप के साथ सच्ची घटना पर आधारित एक थ्रिलर फिल्म साइन की है। बॉबी और अनुराग पिछले कई वर्षों से एक-दूसरे के साथ काम करना चाहते हैं, लेकिन बीच में कोई ऐसा प्रोजेक्ट नहीं आया। कुछ महीने पहले ही अनुराग ने इस फिल्म की कहानी बॉबी को सुनाई, जो बॉबी को काफी पसंद आई और उन्होंने उसके लिए अपनी स्वीकृति भी दे दी।

## लाइफStyle



# यामी

## आर्टिकल 370 के लिए माना आभार

यामी गौतम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कैप्शन में लिखा है, आर्टिकल 370 की शूटिंग के पहले दिन से लेकर सिनेमाघरों में फिल्म के इतने शानदार दिनों तक, समय बहुत तेज़ी से बीत गया।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम की फिल्म 'आर्टिकल 370' ने सिनेमा घरों में 60 दिन पूरे कर लिए हैं। आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म आर्टिकल-370 सिनेमाघरों में 23 फरवरी को रिलीज हुई थी। इस फिल्म में यामी गौतम और प्रियामणि ने अहम भूमिका निभाई है। यह फिल्म जम्मू कश्मीर को दिए गए विशेष दर्जे को रद्द करने के फैसले पर आधारित है। इस फिल्म ने सिनेमा घरों में धूम मचाकर रखी है। यामी गौतम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कैप्शन में लिखा है, आर्टिकल 370 की शूटिंग के पहले दिन से लेकर सिनेमाघरों में फिल्म के इतने शानदार दिनों तक, समय बहुत तेज़ी से बीत गया।

मुझे यह मौका देने के लिए मैं आदित्य धर फिल्म्स की बहुत आभारी हूं। एक बेहतरीन प्रोड्यूसर होने के लिए लोकेश धर को स्पेशल थैंक्स। फिल्म को जीवंत बनाने के लिए पूरी टीम, डायरेक्टर आदित्य सुहास जांभले, राइटर, एक्टर्स और एडिटिंग, म्यूजिक, सिनेमेटोग्राफी और शानदार तकनीशियनों को थैंक यू।

## हॉलीवुड मसाला



# एक्शन फ्रैंचाइजी से जुड़े फजल

**नई दिल्ली।** अली फजल की गिनती बॉलीवुड के बेहतरीन अभिनेताओं में होती है। वह न सिर्फ बड़े पर्दे पर, बल्कि ओटीटी पर भी अपने दमदार अभिनय की छाप छोड़ चुके हैं। अली इंडस्ट्री के उन चुनिंदा अभिनेताओं में शुमार हैं, जिन्होंने अपने शानदार अदाकारी के बूते न सिर्फ बॉलीवुड, बल्कि हॉलीवुड में भी अपनी एक खास जगह बनाई है। पिछली बार हॉलीवुड फिल्म 'कंधार' में दिखे अली को अब एक और बड़ा मौका मिलने वाला है। दरअसल, 'कंधार' को फ्रैंचाइजी का रूप दिया जा रहा है।



# स्कारलेट की एडिटेड तस्वीर हो रही वायरल

**लॉस एंजिलस।** सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर इन दिनों एक तस्वीर वायरल हो रही है, जिसमें हॉलीवुड अदाकारा स्कारलेट जोहानसन को एक रिक्शा पर बैठे देखा जा सकता है। पोस्ट में दावा किया जा रहा है कि यह तस्वीर स्कारलेट जोहानसन के दिल्ली दौरे की है। स्कारलेट ने कहा कि वायरल तस्वीर एडिटेड है उन्होंने कहा कि एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के चेहरे पर एडिटिंग टूल्स की मदद से स्कारलेट जोहानसन का चेहरा चिपकाया गया है। बता दें कि फेसबुक यूजर अनिर्बान रॉय ने 4 अप्रैल को वायरल तस्वीर को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है दिल्ली की सड़क पर स्कारलेट जोहानसन।



# मिस्टर एंड मिसेज... देखने एक्साइटेड

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही देखने के लिए एक्साइटेड हैं। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और महेंद्र सिंह धोनी पर आधारित है। फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में राजकुमार राव और जान्हवी कपूर मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म का पहला पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। आलिया भट्ट ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम की स्टोरी पर मिस्टर एंड मिसेज माही का पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर को आलिया ने ने जाह्नवी और राजकुमार को टैग करते हुए कैप्शन में लिखा कि इंतजार नहीं हो रहा शैरी। मिस्टर एंड मिसेजमाही 31 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# 'देवराः पार्ट-1' देखकर सभी को होगा गर्व

**मुंबई।** मैन ऑफ़ मासेस एनटीआर जूनियर ने कहा कि उनकी आने वाली फिल्म 'देवराः पार्ट 1' को देखकर सभी को गर्व महसूस होगा। मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर की बहुप्रतीक्षित और सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट 'देवराः भाग 1' पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं, फैंस बेसब्री से फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म में एनटीआर जूनियर के साथ सैफ अली खान और जान्हवी कपूर प्रमुख भूमिकाओं में हैं। एनटीआर जूनियर ने कहा कि फिल्म देवरा का इंतजार न केवल सार्थक होगा बल्कि लोगों को गर्व से भर देगा। यह मेरा आप सभी से वादा है कि 'देवरा' का इंतजार सार्थक होगा और फिल्म रिलीज होने पर हर फैंस गर्व से अपना कॉलर ऊंचा उठाएगा। कोराटाला शिवा द्वारा निर्देशित, 'देवारा' दो भागों में प्रदर्शित होगी।

## टीवी मसाला



# कन्नप्पा से तेलुगु डेब्यू कर रहे अक्षय कुमार

**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार तेलुगु सिनेमा में कदम रख रहे हैं। वे 'कन्नप्पा' नामक तेलुगु फिल्म से अपनी शुरुआत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस नए और रोमांचक वेंचर में, वे बहुमुखी तेलुगु स्टार विष्णु मांचू के साथ काम करेंगे। इतना ही नहीं, फिल्म में प्रभास और मोहनलाल जैसे अन्य बड़े नाम भी शामिल हैं। तेलुगु फिल्म क्षेत्र में कदम रखते हुए, अक्षय का लक्ष्य इस इंडस्ट्री में अपने आकर्षण और प्रतिभा को बिल्कुल नए दर्शकों तक पहुँचाना है। प्रोडक्शन से जुड़े करीबी सूत्रों के अनुसार, एक्शन से भरपूर इस आगामी महाकाव्य में अक्षय की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उनका प्रदर्शन दर्शकों के लिए मनोरम और यादगार होने का वादा करता है, जो निस्संदेह उन पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ेगा। अभिनेता एक गहन शूटिंग शेड्यूल के लिए हैदराबाद जा रहे हैं, जिसमें फिल्म के क्लाइमेक्स के एक महत्वपूर्ण हिस्से के साथ ही महत्वपूर्ण सीन्स को कैप्चर करने पर प्रमुख रूप से ध्यान दिया जाएगा। निर्माता और प्रमुख अभिनेता विष्णु मांचू कहते हैं, "अक्षय सर के साथ शूटिंग करना वास्तव में किसी रोमांचकारी सफर पर जाने जैसा है। हम फिल्म का क्लाइमेक्स एक साथ शुरू करेंगे। उनके जैसे प्रतिभाशाली अभिनेता का इस प्रोजेक्ट में शामिल होना हमारे लिए एक बहुत बड़ा सम्मान है।

## 'मैडनेस मचाएंगे' में परितोष 'टीआरपी मामा' बन करेंगे सबका मनोरंजन



**नई दिल्ली।** 'मैडनेस मचाएंगे-इंडिया को हंसाएंगे' में परितोष त्रिपाठी अपने लोकप्रिय किरदार 'टीआरपी मामा' की एक छोटी सी झलक से सभी का दिल जीत लेंगे। उन्होंने कहा कि इससे उनका दिल खुशी से भर जाता है। 'कॉमेडी स्पेशल' एपिसोड में प्रसिद्ध कॉमेडी प्रतिभाओं गौरव मोरे, सृष्टि रोडे, बलराज सयाल और सुगंधा मिश्रा का स्वागत किया जाएगा। शो में परितोष न केवल उनके द्वारा किए जाने वाले नियमित हंसी-मजाक का हिस्सा होंगे, बल्कि मेजबान की भूमिका भी निभाएंगे।

# एड शीरन के गाने 'परफेक्ट' पर थिरकीं टीवी की 'जोधा बेगम'

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस परिधि शर्मा ने टीवी सीरियल 'जोधा अकबर' में 'जोधा बाई' की मुख्य भूमिका निभाई थी। इस सीरियल से परिधि शर्मा को घर-घर में लोकप्रियता मिली थी। 'जोधा' बन दर्शकों के दिलों पर छाने के बाद एक्ट्रेस परिधि शर्मा काफी समय तक पर्दे से दूर थीं, हालांकि जब उन्होंने वापसी की, तो वह पहली वाली पॉपुलैरिटी हासिल नहीं कर पाईं। इन दिनों ये एक्ट्रेस एक बार फिर सुर्खियों में छाई हुई हैं, लेकिन इस बार वह अपने किसी सीरियल के चलते नहीं बल्कि अपने एक डांस वीडियो की वजह से खबरों में बनी हुई हैं। बता दें, परिधि शर्मा को 'रुक जाना नहीं', 'ये कहां आ गए हम', 'पटियाला बेब्स' जैसे शोज में दमदार अभिनय के लिए जाना जाता है।

### ट्रेनर के साथ किया परफेक्ट डांस

परिधि शर्मा ने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर एक रील वीडियो पोस्ट किया, जिसमें उन्हें अपने डांस ट्रेनर के साथ एड शीरन के ट्रैक 'परफेक्ट' पर डांस करते हुए देखा जा सकता है। एक्ट्रेस को वीडियो में नियॉन ग्रीन टी-शर्ट और काले रंग के शॉर्ट्स में देखा जा सकता है। इस पोस्ट को शेयर करते हुए एक्ट्रेस कैप्शन में लिखती हैं, 'डांस रिहर्सल. आपके समर्पण और डांस के प्रति प्यार के लिए शुक्रिया।



### फैंस बोले- प्लीज टीवी पर आ जाइए

फैंस ने परिधि के वीडियो पर खूब प्यार बरसाया। एक्ट्रेस के फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। एक यूजर लिखते हैं, 'क्या खूबसूरत डांसर है। वहीं परिधि शर्मा के एक और फैन पर्दे पर उनकी वापसी को लेकर सवाल करते दिखे। वह लिखते हैं, 'प्लीज टीवी पर वापस आ जाइए। आपको पर्दे पर देखना बहुत अच्छा लगता है।

# मुनव्वर के डेब्यू वेब शो 'फर्स्ट कॉपी' का टीजर रिलीज ...



मुंबई। जानेमाने संगीतकार-रैपर बिग बॉस फेम मुनव्वर फारुकी के डेब्यू वेब शो 'फर्स्ट कॉपी' का टीजर रिलीज हो गया है। मुनव्वर फारुकी ने 'फर्स्ट कॉपी' नामक एक वेब सीरीज में अपने अभिनय कॅरियर की शुरुआत की घोषणा की है। मुनव्वर ने सोशल मीडिया पर सीरीज का आधिकारिक टीजर जारी किया। टीजर हमें 1999 में वापस ले जाता है, जब डीवीडी का चलन बहुत बड़ा था। फ़िल्में शुक्रवार को सिनेमाघरों में आती हैं, लेकिन कई लोग आधिकारिक रिलीज़ से पहले गुरुवार को डीवीडी पर फ़िल्म की 'पहली कॉपी' बनाने के लिए उत्सुक रहते हैं। मुनव्वर फारूकी ने कहा कि पिछले कई सालों से, मेरे फैंस हमेशा मेरे साथ खड़े रहे हैं और मैंने जो कुछ भी किया है, उसमें मेरा समर्थन किया है। इसलिए, मैं इस साल इस प्रोजेक्ट की घोषणा करके उन्हें एक ख़ास तोहफ़ा देना चाहता था, जहां वे मेरा एक नया पक्ष देखेंगे। मैं इस पर सभी की प्रतिक्रिया देखने के लिए उत्सुक हूं।

## इन सितारों की भी दरियादिली देखने लायक

# सोनू सूद ही नहीं, ये बॉलीवुड सितारे भी दिल खोलकर करते हैं दान

*मुंबई। बॉलीवुड सितारे भव्य जीवन जीने के लिए पहचाने जाते हैं, लेकिन इनमें कुछ सितारे ऐसे भी हैं, जो इंसानियत नहीं भूलते हैं। नाम, शोहरत और पैसा हासिल करने के बाद भी इन सितारों की दरियादिली देखने लायक होती है। ये सितारे जरूरतमंद लोगों की मदद करने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। इस सूची में सोनू सूद से सलमान खान तक का नाम है। आईए, जानते हैं उन सितारों के बारे में, जो दिल खोलकर लोगों की मदद करते हैं।*



### सोनू सूद और सलमान खान

कोरोना महामारी के समय सोनू ने जो किया, उसे कौन भूल सकता है। अभिनेता ने प्रवासी मजदूरों की हर मुमकिन मदद की थी। वह सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों के संपर्क में रहते हैं और उनकी मदद करते हैं। सलमान भी दिल खोलकर लोगों की मदद करते हैं। वह बीइंग ह्यूमन नाम की एक संस्था चलाते हैं, जिससे बीमारों की मदद की जाती है। इसके अलावा भी वह लोगों की मदद करने के लिए कदम उठाते रहते हैं।




### अक्षय कुमार और आलिया भट्ट

अक्षय कुमार का नाम भी इस सूची में शुमार है। अभिनेता को कई बार प्राकृतिक आपदा पीड़ितों को दान देते देखा गया है। वह अपनी दरियदिली के लिए अक्सर सुर्खियों में रहते हैं। अपनी खूबसूरती और शानदार अभिनय के लिए सुर्खियों में रहने वाली आलिया भट्ट एक वेलफेयर प्रोग्राम से जुड़कर लोगों की मदद करती हैं। वह कई बार सलाम बॉम्बे नामक संस्थान के जरिए लोगों की मदद करती नजर आती हैं।

### सुष्मिता सेन और प्रियंका चोपड़ा

अभिनेत्री सुष्मिता सेन अपने अभिनय के साथ ही लोगों की जमकर मदद करने के लिए भी पहचानी जाती हैं। अभिनेत्री एम फाउंडेशन से जुड़ी हुई हैं और उसके जरिए लोगों की मदद करती हैं। हिंदी सिनेमा से लेकर हॉलीवुड तक अपना जादू चलाने वाली प्रियंका चोपड़ा का दिल भी बहुत बड़ा है। उनका खुद की दान संस्था है और उन्होंने यूनिसेफ के साथ जुड़कर भी काम किया है।






### शाहरुख खान और आमिर खान

सुपरस्टार शाहरुख खान ने भी कोरोना के समय लोगों की मदद की थी। इसके साथ वह एक एनजीओ भी चलाते हैं, जिससे वो गरीबों की मदद करते हैं। कथित तौर पर शाहरुख ने विभिन्न सामाजिक कारणों के लिए काम करने वाली 10 से अधिक चैरिटी संस्थानों के साथ साझेदारी की है। आमिर खान को भी अक्सर दान करते देखा जाता है। वह उत्तराखंड बाढ़ पीड़ितों की मदद कर चुके हैं। इसके अलावा भी वह बहुत कुछ करते हैं।

# इस फिल्मकार के साथ काम करना चाहती हैं नोरा

*मुंबई। बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री नोरा फतेही, फिल्मकार संजय लीला भंसाली की फिल्म में काम करना चाहती हैं। मोरक्को की रहने वाली नोरा फतेही, हिंदी फिल्मों की काफी शौकीन थी। नोरा फतेही ने जब संजय लीला भंसाली की फिल्म देवदास देखी तो उन्होंने भारत में हिंदी फिल्मो में काम करने का फैसला किया।*



***देवदास देखकर आया अभिनेत्री बनने का आइडियाः*** *नोरा फतेही ने कहा, भारत में काम करने का ख्याल संजय लीला भंसाली की फिल्म देवदास को देखकर ही आया था। यदि मैं किसी दिन संजय लीला भंसाली की फिल्म की अभिनेत्री बनी तो वह मेरे करियर का टर्निंग प्वाइंट होगा। मैं चाहती हूं कि वह मुझमें यकीन करें कि मैं उनकी फिल्म की अभिनेत्री बन सकती हूं।कलाकार को बस एक मौका और वह इंसान चाहिए होता है, जो आप पर भरोसा करे।*

## खबर संक्षेप



### रायगढ़ संसदीय क्षेत्र के लिए 4 अभ्यर्थियों ने जमा किए आवेदन

**रायगढ़।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अन्तर्गत रायगढ़ संसदीय क्षेत्र क्रमांक.02 के लिए 4 अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन फार्म जमा किया गया है। जिनमें प्रकाश कुमार उरांव निर्दलीय, राधे श्याम राठिया भारतीय जनता पार्टी, रूपनारायण एक्का बहुजन मुक्ति पार्टी एवं मदन प्रसाद गोंड गोड़वाना गणतंत्र पार्टी ने नामांकन फार्म जमा किए। नाम निर्देशन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 19 अप्रैल अपरान्ह 3 बजे तक है। 17 अप्रैल को सार्वजनिक अवकाश होने से नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने और जमा करने का कार्य बंद रहेगा। नाम निर्देशन दाखिल करने हेतु 100 मीटर की परिधि में अधिकतम 3 वाहनों के प्रवेश की अनुमति है। इसी तरह रिटर्निंग ऑफिसर के कक्ष में अभ्यर्थी सहित अधिकतम 5 व्यक्ति प्रवेश कर सकते हैं।

### ग्रामीण मतदाताओं जागरूक कर रहे विद्यार्थी

**सारंगढ़।** आईएएस और सहायक रिटर्निंग अधिकारी वासु जैन के नेतृत्व और उपस्थिति में सीपीएम कॉलेज सारंगढ़ के छात्र छात्राओं के समूह ने सारंगढ़ अनुविभागीय क्षेत्र के ग्राम कनकीडीपा में मतदाता जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक किया। नाटक में प्रलोभन से बचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने, बिना डर, दबाव के मतदान करने, एक मतदान से लोकतंत्र में हार जीत के अंतर, मजबूत और सुंदर लोकतंत्र के निर्माण में स्वतंत्र मतदान का महत्व आदि के बारे में ग्रामीण मतदाताओं को समझाया गया।

### शादी का प्रलोभन देकर युवती से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार



**रायगढ़।** लैलूंगा पुलिस द्वारा युवती से दुष्कर्म मामले के आरोपी शुभम चक्रवर्ती 22 साल निवासी तांबामुडा थाना फरसाबहार जिला जशपुर को आज उसके घर पर दबिश देकर पकड़ा गया, आरोपी गिरफ्तारी से बचने लगातार फरार चल रहा था। घटना को लेकर 11 अप्रैल को युवती अपने परिजनों के साथ थाना आकर शुभम चक्रवर्ती के विरूद्ध दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। युवती बतायी कि शुभम चक्रवर्ती से इंस्टाग्राम के जरिए जान परिचय हुआ था दोनों बातचीत करते थे। शुभम चक्रवर्ती ने पसंद करता हूंए शादी करूंगा कहकर 22 फरवरी को गांव मिलने आया था। उसके बाद 08 मार्च को शुभम गांव आकर माडो मेला दिखाने ले जाने के बहाने गांव से लेकर गया और गांव बस्ती के बाहर सुनसान जगह में जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया। युवती बताई कि उसके बाद शुभम उसके फोटो घरवालों को भेजकर बदनाम करने की धमकी देकर शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डालता था। युवती के आवेदन पर आरोपित शुभम चक्रवर्ती पर अपराध क्रमांक 91/2024 धारा 376 आईपीसी 67 आईटी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लैलूंगा पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए उसके सकुनत पर दबिश दिया गया, आरोपी फरार था।

### महिलाओं के कार्यस्थल में लैंगिक उत्पीड़न विषय पर कार्यशाला

**सारंगढ़।** कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू के निर्देश पर एसडीएम सारंगढ़ वासु जैन की अगुवाई में राजस्व विभाग के अधीन अनुविभागीय और तहसील कार्यालय सारंगढ़ में पदस्थ महिला कर्मचारियों के लिए सेमीनार का आयोजन किया गया। यह सेमीनार महिलाओं के कार्यस्थल में लैंगिक उत्पीड़न निवारण प्रतिषेध और प्रतितोष अधिनियम, 2013, विशाखा गाइडलाइन पर आधारित था। एनजीओ कानूनी मार्गदर्शन केंद्र सारंगढ़ की कार्यकर्ता उप खंड स्तरीय महिला यौन उत्पीड़न समिति की एनजीओ सदस्यद्ध अधिवक्ता हेमलता प्रधान एवम सागरिका, गीतांजलि द्वारा कार्यशाला का संचालन और जानकारी प्रदान की गई।

## खेल मैदान में आयोजित हुआ भव्य कवि सम्मेलन

# चंद्रपुर के सांस्कृतिक महोत्सव में कवियों को सुनने उमड़े श्रोता





सांस्कृतिक महोत्सव के चौथे दिन अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में कविता पाठ करते कवि।



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित श्रोता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर

चन्द्रहासिनी मंदिर चंद्रपुर में चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर हो रहे सांस्कृतिक महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के चौथे दिन 16 अप्रेल कों अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। माँ चन्द्रहासिनी एवं गोपाल महाप्रभु की पावन धराए माँ चित्रोंत्पला के पावन तट चंद्रपुर में आयोजित इस कवि सम्मेलन मे देश के सर्वोच्च कविगण साहित्य एवं कला संस्कृति के इस नगर में मंच साँझा किए।

इस अवसर पर कवि डॉ अनामिका अंबर, सौरभ जैन, हिमांशु बवंडर, प्रबुद्ध सौरभ, स्वयं श्रीवास्तव जैसे नामचीन कवियों ने काव्य पाठ किया। मंदिर न्यास की ओर से न्यासी एवं कोषाध्यक्ष अजीत पाण्डेय ने मंच संचालित किया। मंच संचालन के दौरान उन्होंने पद्मश्री मुकुटधर पाण्डेय की कविता की लिखी ये पंक्तिया कवियों के सम्मान में समर्पित की। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी सुनील लेंधरा, रामपुकार सिंह पूर्व केबिनेट मंत्री, अजय अग्रवाल, तायल सम्मिलित हुए। आमंत्रित अतिथियों ने माँ चन्द्रहासिनी के छाया चित्र पर फूल पूजन अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संचालन के दौरान कवि सौरभ जैन ने कहा हमारे लिए गर्व का विषय है की साहित्य के लिए जाने जाने वाले इस माँ चन्द्रहासिनी के धाम मे कवि सम्मेलन में उपस्थित है। वही कवि स्वयं श्रीवास्तव ने काव्य पाठ के दौरान कहा साहित्य रूपी दीपक कों इस अंचल से छायावाद का नाम देकर प्रज्वलित करने वाले पद्मश्री मुकुटधर पाण्डेय कों हमने पढ़ा है और उनके साहित्य सेवा से परिचित है हमारा सौभाग्य है की उनके जन्म क्षेत्र मे उनके वंशजो के बिच हमें माँ चन्द्रहासिनी के आशीर्वाद से काव्य पाठ का अवसर मिला है। यह कवि सम्मेलन स्टार पोयेट अनामिका के संयोजन में सौरभ जैन के संचालन में हिमांशु बवंडर स्वयं श्रीवास्तव प्रबुद्ध सौरभ के काव्यपाठ से शोभित हुआ। सौरभ सुमन ने अपनी ओज भरी कविताओं से श्रोताओं कों जागृत किया तो प्रबुद्ध सौरभ की मशहूर पंक्ति मिरी आँखों से हिजरत का वो मंज़र क्यूँ नहीं जाता बिछड़ कर भी बिछड़ जाने का ये डर क्यूँ नहीं जाता अगर ये ज़ख़्म भरना है तो फिर भर क्यूँ नहीं जाता। अगर ये जान.लेवा है तो मैं मर क्यूँ नहीं जाता। अगर तू दोस्त है तो फिर ये ख़ंजर क्यूँ है हाथों में अगर दुश्मन है तो आख़िर मिरा सर क्यूँ नहीं जाता। कों पढ़ा तो हास्य कवि हिमांशु बवंडर ने हसा हँसा कर लोट पोट कर दिया। स्वयं श्रीवास्तव ने अपनी प्रसिद्ध लाइने पढ़ी। हम सोचने लगे कि यार लौट चले क्या फिर सोचा यार छोड़ो चल पड़े तो चल पड़े। तो वही डॉ अनामिका अंबर के गायन एवं काव्य पाठ ने दर्शकों कों देर तक थिरकने और वाह वाह करने मजबूर कर दिया। उन्होने राम से लेकर प्रेम तक के विषय पर काव्य पाठ करते हुए खूब वाह वाह बटोरी। चंद्रपुर में आयोजित यह कवि सम्मेलन पूर्णतः सफल रहा और दर्शकों ने खूब आनंद लिया। सौरभ जैन सभी कवियों ने कहा की जनता ने बड़े मन से कार्यक्रम कों सुना।

# ऑनलाइन खेल में बर्बाद हो रहे युवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




ऑनलाइन खेल युवा पीढ़ी के लिए खतरनाक बीमारी बन गई है। समय इन पर रोक व स्थाई समाधान नहीं ढूंढने से ऐसे खेल वित्तीय जोखिम के साथ मानसिक बीमारी के कारण बनने लगे हैं। है। ये खेल युवाओं को रातों रात करोड़पति बनने का सपना दिखा रहा है। कभी जीतने पर एक करोड़ तो कभी दो करोड़ और आजकल 4 करोड़ की राशि जीतने पर दी जा रही है।

**खास बात**

- वित्तीय जोखिम के साथ मानसिक बीमारी के शिकार
- पुलिस लगातार कर रही सतर्क

इस चक्कर में लाखों युवाओं को इस खेल की लत लग गई है। वर्षों की मेहनत की कमाई बर्बाद करने में लगे हुए हैं। सरकारी कर्मचारी भी इस तल के शिकार हो रहे हैं। तेजी से बढ़ते इस खेल पर साईबर पुलिस की जागरुकता भी ज्यादा कारगर नहीं हो रही।

बड़े-बड़े फिल्मी सितारे इस खेल का प्रचार करते हैं और विज्ञापन के अंत में बस एक लाइन बोली जाती है इसमें वित्तीय जोखिम है और इसकी लत लग सकती है। देखा देखी में एक नहीं 15-20 टीमें लगाकर करोड़पति बनने की फिराक में रहते है। कई बुद्धिजीवी भी प्रतिदिन हजारों रुपए इस खेल में लगाकर पैसों की बर्बादी के साथ मानसिक तनाव से पीड़ित है। युवाओं में तनाव व चिड़चिड़ापन बढ़ रहा है। साईबर एक्सपर्ट का मानना है कि कई तरह के ऑनलाइन फर्जी ऐप भी लांच हुए हैं। इन पर पैसे नहीं लगाएं। इन एप्लीकेशन पर खाता फ्रीज होने का खतरा रहता है। युवा इनसे बचकर रहें।

**लालच बुरी बला**

रातों रात करोड़पति बनने के लिए ऑनलाइन ऐप पर भरोसा नहीं करे। यह लालच देकर फंसाने के तरीके हैं। युवा इनसे बचकर रहें।
**-अविनाश उपाध्याय**
सीएसपी, साइबर थाना

## ग्राम जामछापर में संगीतमय रामकथा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



रामनवमीं की पूर्व संध्या बरमकेला अंचल के प्रतिष्ठित गौटिया एवं रामायण प्रेमी संगीत साधक ग्राम जामछापर निवासी रघुनाथ पटेल बुढ़ा गौटिया की पुण्य स्मृति में भव्य संगीतमय मानस गायन एवं कथा वाचन का आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मानस गायन एवं कथा प्रवचन कार्यक्रम में ग्राम जामछापर लेन्धरा ग्राम व अंचल के मानस प्रेमी कलाकार अपने साज समाज के साथ उपस्थित होकर भगवान राम के गुणों का गायन एवं रामचरित मानस के कथा प्रसंगों को लेकर संगीतमय मानस कथा वाचन प्रस्तुत किये।

विशेष धार्मिक आयोजन में ख्यातिलब्ध मानस प्रवक्ता भोजराम पटेल द्वारा अपने ओजस्वी वक्तव्य एवं छत्तीसगढ़ी गीत संगीत के माध्यम से मानस कथा का वाचन करते हुए स्वर्गीय रघुनाथ पटेल एवं उनकी अद्धांगिनी को श्रद्धासुमन अर्पित कर पुण्य स्मरण किया गया। मानस प्रवक्ता भोजराम पटेल ने अपनी विशेष कथा वाचन शैली में जीवन की सार्थकता रामभक्ति और सतसंग में समय देने को बताते हुए भगवतभक्ति, परोपकार, सेवा सद्कर्म में मानव जीवन को सार्थक बनाने का संदेश दिया उन्होने जटायु प्रसंग, सबरी कथा, सतसंग महिमा हनुमत कथा सुंदरकाण्ड पर प्रभावी वक्तव्य दिया। क्षणभंगुर जीवन की कोई गारंटी नहीं है इसलिए इसे लोक कल्याणकारी कार्यों और ईश्वर की अराधना में समर्पित करने का आह्वान करते हुए प्रचलित गीत जगत में कोई न परमानेंट और छत्तीसगढ़ी में कोन जनि कब का हो जाही, पड़ही जग ले जाना गाकर श्रोताओं को विशेष रूप से प्रभावित किया। रामचरित मानस गायन व कथा वाचन के माध्यम से अपने पिताश्री को स्मृति सम्मान देने के लिए उनके पुत्र द्वय प्यारेलाल पटेल सेवा निवृत पशु चिकि अधिकारी एवं कबीर पटेल तथा परिवार जनों की विशेष रूप से प्रसंशा की गई।

### फ्लाईएश डंपिंगः जेएसपी पर साढ़े 9 एमएसपी पर साढ़े 4 लाख की पेनाल्टी

**रायगढ।** जिले में बेतरकीब फ्लाईएश डंपिग के मामले में पर्यावरण संरक्षण विभाग की कार्रवाई जारी है। एनटीपीसी पर भारी भरकर जुर्माने के बाद अब जिंदल पावर लिमिटेड की 19 गाडिय़ों पर पर्यावरण विभाग ने कंपनी पर करीब साढ़े नौ लाख की पेनाल्टी लगाई है। जिंदल पावर प्लांट से उत्सर्जित फ्लाई एश को कोल माइंस में फिलिंग करनी है। गारे पेलमा 4/2 व 4/3 माइंस में इसे डाला जा रहा है। प्लांट से माइंस जाने के रास्ते में रोड पर फ्लाई एश का ढेर लगा है। प्लांट से एश लोड कर निकलने वाली गाडिय़ों से पूरे रास्ते राखड़ गिरता जा रहा था। पर्यावरण विभाग की टीम ने मौके का जायजा लिया। वहां 19 गाडिय़ां ऐसी पाई गई जिनसे एश गिरता जा रहा था। पर्यावरण विभाग ने मौके पर जेपीएल के अधिकारियों को तलब किया। गाडिय़ों में लोड एश की मात्रा के हिसाब से पेनाल्टी लगाई गई। जेपीएल पर 9ण्63 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। जेपीएल के फ्लाई एश की वजह से पूरी सडक़ के इर्द गिर्द प्रदूषण का स्तर बहुत अधिक है। तमनार क्षेत्र में बुरा हाल हो गया है। रोजाना सैकड़ों टन एश का परिवहन हो रहा है।रोड किनारे फ्लाईएश की अवैध डंपिंग के मामले एमएसपी स्टील एंड पावर पर भी कार्रवाई की गई है।

## गार्डन में वॉल पेंटिंग कर दिया मतदान जागरुकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत मंगलवार को बुढ़ी माई में गार्डन में वॉल पेंटिंग स्पर्धा कराई गई इस दौरान स्कूल के विद्यार्थियों ने दीवार पर रंगों के उत्साह को उकेर कर लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने का नारा दिया।

जिला प्रशासन के निर्देश और निगम कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में लगातार स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन निगम क्षेत्र में किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को बुढ़ी माई में गार्डन में वॉल पेंटिंग स्पर्धा का आयोजन हुआ। स्पर्धा में शहर के करीब 18 स्कूल स्कूलों के 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया। बुढ़ी माई में गार्डन के दीवार पर 27 स्लाट प्रतिभागियों को आबंटन किया गया था, जिसमें विभिन्न टीम बनाकर स्कूल के विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता के संदेश से परिपूर्ण विभिन्न कला आकृतियों की वॉल पेंटिंग बनाई। कार्यक्रम के दौरान गार्डन पर उपस्थित मॉर्निंग वॉकर्स, प्रतिभागियों एवं निगम के कर्मचारियों अधिकारियों को कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी ने मतदान जरूर करने संबंधित शपथ दिलाई। कमिश्नर श्री चंद्रवंशी ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी को मत का अधिकार दिया गया है। इसलिए भारत के लोकतंत्र के निर्माण में सभी को अपने मत का प्रयोग करते हुए मतदान जरूर करना चाहिए। इस दौरान कमिश्नर श्री चंद्रवंशी ने निगम क्षेत्र के समस्त मतदाताओं को 7 मई 2024 को शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की। कार्यक्रम में डिप्टी कमिश्नर सुतीक्ष्ण यादव, निगम निर्वाचन के दिलीप महापत्र, हेमंत सिंह ठाकुर सहित सेंट टेरेसा स्कूल, ओ पी जिंदल स्कूल तराईमाल, ओ पी जिंदल स्कूल रायगढ़, डी पी एस स्कूल, वैदिक कान्वेंट स्कूल, दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, विद्या विकास कॉन्सेप्ट कॉर्मेल स्कूल से शाक्षी साहू, मनोज श्रीवास्तव, सक्षम राठौर, अल्का बानी, विकास सिन्हा, श्रीमती कविता बेरीवाल, श्रीमती लक्ष्मी अग्रवाल, सुशील पटेल, नगर निगम स्वच्छता सुपरवाइजर एवं अन्य संस्था उपस्थित थे।

## राधेश्याम ने मां बंजारी धाम में टेका माथा





सांसद प्रत्याशी राधेश्याम राठिया ने बंजारी धाम में माथा टेककर लिया आशीर्वाद।

हरिभूमि न्यूज ⏭ तमनार

रायगढ़ लोकसभा से बीजेपी सांसद प्रत्याशी राधेश्याम राठिया ने नामांकन के पहले रायगढ़ जिले के प्रसिद्ध सर्वशक्तिपीठ मां बंजारी धाम तराईमाल में माता के दरबार में माथा टेककर आशीर्वाद लिया। पंडित व मन्दिर समिति द्वारा मनोकामना श्रीफल, चुनरी ओढ़ाकर अभिनन्दन किया गया। नवरात्र पर्व के अष्टमी दिवस 16 अप्रेल को रायगढ़ सांसद प्रत्याशी राधेश्याम राठिया ने अपने गृहग्राम छर्राटांगर से कार्यकर्ताओ के साथ माँ बंजारी धाम में विधि विधान के साथ बंजारी देवी की पूजा अर्चना कर आशीर्वचन लिया। राठिया ने कहा कि चैत्र नवरात्र पर्व चल रहा है मैं पहले भी आदिशक्ति सर्वशक्तिपीठ श्री बंजारी माई की पूजन अर्चन दर्शन करने आता था आज नामांकन रैली के पहले माता के दर में पूजा कर आशीर्वाद लिया सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ताओ में भारी खुशी की माहौल है।

## बाबा साहेब की प्रतिमा पर राय ने किया माल्यार्पण



**सरसींवा।** विधानसभा क्षेत्र की राजनीति में पुनः एक बार पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव चंद्रदेव राय की एंट्री हुई है टिकट कटने के बाद पूर्व विधायक चंद्रदेव राय सिर्फ कुछ ही स्थान में नजर आ रहे थे लेकिन 14 अप्रैल को बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर उनकी सक्रियता पुनः शुरू हो गई है। बालपुर से लेकर बिलाईगढ़ तक कुल 14 स्थान में पूर्व विधायक एवं पूर्व संसदीय सचिव चंद्रदेव राय ने अपने समर्थकों के साथ बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर याद किया। इस अवसर पर क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधियों की उनके साथ मौजूद रहे। पूर्व विधायक चंद्रदेव राय ने कहा है कि अभी संघर्ष का समय है और संघर्ष चल रहा है, और जो बिलाईगढ़ विधानसभा के जो विकास के सपने हैं। उसे हमने पूरा करने की शुरुआत की थी उनको हम ही आगे ले जाएंगे और विकास की हर सपने को पूरा करेंगे। हमने अपने कार्यकाल में 36 से अधिक गांव में बाबा भीमराव अंबेडकर की मूर्ति का निर्माण करवाया है। बिलाईगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक चंद्रदेव राय ने अपने कार्यकाल में करीब 36 गांव में संविधान को जन.जन तक पहुंचाने और संविधान की रक्षा के लिए बाबा भीमराव अंबेडकर की मूर्ति का निर्माण करवाया है ताकी जब तक दुनिया रहे तब तक बाबा भीमराव अंबेडकर को दुनिया के लोग याद करें। पूर्व विधायक चंद्रदेव राय ने बताया कि बालपुर, सरधा भाटा, कोट पेंद्रावण, जैतपुर एसरसीवा, कोदवा, गड़ापाली, बटाऊपाली, झुमका, तिलईपाली एमनपसार, धनगांव भटगांव, जुनवानी, जोरा, भंडारा, छापोरा, बिलाईगढ़, बागलोटा, बिसनपुर, सेदूरास, मोहतरा, चद्रा नगर, मटिया मड़वा, कारबा. डबरी, पंडरीपानी, मंधाई भाटा समेत अन्य गांव में उनके द्वारा बाबा भीमराव अंबेडकर की मूर्ति का निर्माण करवाया गया है ताकि लोग तक संविधान निर्माता का संदेश हमेशा पहुंचता रहे।




## एमएसपी के श्रमिकों को दिलाई मतदान की शपथ

**रायगढ़।** 16 अप्रैल को औद्योगिक नगरी रायगढ़ के एमएसपी उद्योग के उद्योगकर्मियों को मतदान की शपथ दिलाई गईस सभी श्रमिकों ने 7 मई को मतदान जरूर करने की बात कही।रायगढ़ संसदीय क्षेत्र में कुल आठ विधानसभा क्षेत्र आते हैं इस संसदीय क्षेत्र हेतु मतदान तिथि 7 मई को प्रातः 7 से शाम 6 बजे तक निश्चित है। विधानसभा निर्वाचन में औद्योगिक क्षेत्र में औसत से कम मतदान हुए थे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रायगढ़ कार्तिकेया गोयल के दिशा निर्देश पर इन क्षेत्रों के उद्योगों में कार्य करने वाले मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु रायगढ़ नयाब तहसीलदार श्रीमती तृप्ति चंद्राकर, जिला निर्वाचन मास्टर ट्रेनर विकास रंजन सिन्हा ने जिला पंचायत जितेंदर यादव एवं रायगढ़ एसडीम प्रवीण तिवारी के मार्गदर्शन में उद्योग कर्मियों को 7 मई 2024 को अनिवार्य रूप से अपने मतदान केंद्र पर उपस्थित होकर शत प्रतिशत मतदान करने हेतु शपथ दिलाई।

## स्टेक के लिए मिलरों को महीनों करना पड़ रहा इंतजार

# एफसीआई में चावल जमा करने जगह ही नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कस्टम मिलिंग की व्यवस्था चरमराने लगी है। एफसीआई के गोदामों में जगह नहीं है। स्टेक आवंटन के लिए फरवरी से वेटिंग है। नान के गोदाम में भी बहुत कम स्पेस है।

**खास बात**

- नागरिक आपूर्ति निगम के गोदाम भी भरे

मिलरों को धान उठाव के लिए दबाव बनाया जा रहा है लेकिन चावल जल्दी जमा कराने कोई रास्ता नहीं निकाला जा रहा है। इस बार प्रशासन ने मिलरों से धान उठाव करवा लिया है लेकिन चावल जमा करने व्यवस्था सही नहीं की। एफसीआई के रायगढ़ डिपो में चावल जमा करने वाले रायगढ़ जिले के 144 एवं सारंगढ़ के 120 मिलर कुल 266 मिलर हैं। धरमजयगढ़ का चावल जो पहले खरसिया जमा होता थाए वह भी रायगढ़ में ही आ रहा है।




एफसीआई में विंग्स पद्धति से स्टेक आवंटन होता है जिसमें फरवरी से वेटिंग चल रही है। मिलर को विंग्स में ऑनलाइन स्टेक आवेदन करने के लगभग 2 माह बाद मिल रहा है। एक स्टेक के बराबर ही जगह मिलरही है। रैक नहीं लगने के कारण एफसीआई के गोदामों मेंजगह नहीं है। चावल जमा लेने के लिए कई दिनों तक गाड़ी रोकी जा रही है। ऐसी स्थिति में एक वर्ष में भी चावल जमा नहीं हो सकेगा। वही एफसीआई रायगढ़ में प्रतिदिन 57 लॉट जमा लिए जाने की एलडी क्षमता है लेकिन सभी डिपो मिलाकर भी प्रतिदिन इतना लॉट जमा नहीं लिया जा रहा है। उसना चावल भी मांग के अनुरूप जमा नहीं हो रहा है। जबकि इसकी अधिक मांग है। ट्रक खाली करवाने में सीडब्ल्यूसी एवं एसडब्ल्यूसी की मनमानी चरम पर है।

### देर से धान उठाने पर लेते हैं पेनाल्टी

खाद्य विभाग और मार्कफेड दस दिन में धान उठाव नहीं करने पर मिलरों पर सात रुपए प्रति क्विंटल की दर से पेनाल्टी लेते हैं। यह उनके कस्टम मिलिंग बिल से काटी जाती है। लेकिन समय पर चावल जमा कराने के लिए कोई व्यवस्था नहीं की जाती। चावल जमा में देरी होने पर पेनाल्टी माफ नहीं की जाती है। रखरखाव व्यय अथवा सूखत की कोई छूट नहीं दी जाती। मिलर के करोड़ों रुपए चावल जमा होते तक बैंक गारंटी के रूप में जमा रहते हैं। शासन सप्ताह के सभी दिन चावल जमा लेने आदेश देती है लेकिन एसडब्ल्यूसी औरदा एवं लोहरसिंह के प्रबंधक बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति आचार संहिता के समय मुख्यालय से गायब रहते हैं। यहां का कार्य दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के भरोसे चलता है।

